पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर जाम से आमजन हो रहे परेशान, रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की उठी मांग

मंडला, देशबन्धु। आदिवासी जिले मंडला महाराजपुर के लोगो की लम्बे समय से लंबित मांग एक बार फिर चर्चा में है जबलपुर-मंडला-नैनपुर-सिवनी मुख्य मार्ग पर स्थित पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर बार-बार फाटक बंद होने से यातायात प्रभावित हो रहा है। यह क्रॉसिंग नैनपुर से रायपुर जाने वाले मार्ग के लिए भी महत्वपूर्ण है। ऐसे में यहां रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण क्षेत्र की बड़ी जरूरत बन गया है।



पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग के आसपास जबलपुर-मंडला-रायपुर सड़क मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के अतिरिक्त कोई अन्य प्रमुख बाधा नहीं है, लेकिन रेलगाड़ियों के आवागमन के दौरान फाटक बंद होने से सड़क यातायात रुक जाता है। इससे दोनों ओर वाहनों की कतारें लग जाती हैं और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

दो प्रमुख मार्गों के लिए महत्वपूर्ण है पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग

यह क्रॉसिंग जबलपुर-मंडला-नैनपुर-सिवनी मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण क्षेत्रीय यातायात के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, नैनपुर से रायपुर जाने वाले यात्रियों और मालवाहक वाहनों के लिए भी यह मार्ग उपयोगी है।

फाटक बंद होने से स्कूली बच्चों, दैनिक यात्रियों, व्यापारियों और आपातकालीन सेवाओं को परेशानी हो सकती है। यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए इस समस्या का स्थायी समाधान आवश्यक है।

पौड़ी रेलवे ओवरब्रिज से मिलेगी जाम से राहत-

क्षेत्रवासियों की लम्बे मांग है कि पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की संभावनाओं का परीक्षण कराकर प्रस्ताव को प्राथमिकता दी जाए। ओवरब्रिज बनने से रेलगाड़ियों के आवागमन के दौरान भी सड़क यातायात निर्बाध जारी रह सकेगा।

स्थानीय नागरिकों और रेल प्रेमियो ने रेलवे, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि पौड़ी रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए आवश्यक सर्वेक्षण, प्रस्ताव एवं स्वीकृति की प्रक्रिया शीघ्र शुरू कराई जाए, ताकि क्षेत्र को बार-बार लगने वाले जाम से स्थायी राहत मिल सके।

इनका कहना है

रेलवे क्रॉसिंग पर बार-बार फाटक बंद होने से आम जनता को परेशानी होती है। यहां रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण जल्द कराया जाना चाहिए, ताकि लोगों को जाम से राहत मिल सके।

विनोद नंदा, स्थानीय यात्री

पोंडी रेलवे क्रॉसिंग जबलपुर-मंडला-नैनपुर-सिवनी मुख्य मार्ग और नैनपुर से रायपुर जाने वाले मार्ग के लिए महत्वपूर्ण है। रेलवे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग है कि यहां रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए।

अमित कुमार, समाजसेवी

संवाद योजना अंतर्गत जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

मंडला। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिला पंचायत के सभागार में संवाद योजना अंतर्गत जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभाग समन्वयक रवि बर्मन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन सहित सभी विकासखंड समन्वयक एवं नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुआ। जिला समन्वयक द्वारा पीपीटी के माध्यम से गतिविधियों की समीक्षा प्रस्तुत की गई। बैठक में आजीविका मिशन के तहत महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण एवं सूक्ष्म उद्यमों पर जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि श्री बर्मन ने प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं के सशक्तिकरण, क्षमतावर्धन प्रशिक्षण, शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार, जल-पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति अभियान, महिला सहभागिता, पारदर्शी रिकॉर्ड संधारण एवं एमआईएस रिपोर्टिंग तथा आदर्श ग्राम की संकल्पना पर विस्तार से चर्चा की।

तहसीलदार, सरपंच, पटवारी पर लगाए गंभीर आरोप

चुटका परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों ने टिकरिया थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

मंडला, देशबन्धु। विगत 2 नवंबर की रात लगभग 9 बजे तहसीलदार नारायणगंज, पटवारी और सरपंच कुंडा मोती लाल मार्को ने घर-घर जाकर लोगों को धमका रहे थे कि कल किसी भी कीमत पर गांव खाली कर गोंझी पुनर्वास स्थल जाना होगा।



यह भी कहा जा रहा था कि अगर नहीं जाओगे तो फोर्स आकर गांव खाली कराया जाएगा। फोर्स तुम्हारे घर की बहु बेटियों के साथ जो करेंगे वो देख नहीं पाओगे। खासकर महिलाओं को धमकी दी जा रही थी कि तुम्हारे घर को फोर्स कब्जा कर लेगी। थाना प्रभारी टिकरिया को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि दीपावली त्योहार के पहले रात में आकर गांव वालों को धमकाना और गंदी भाषा का इस्तेमाल किया जाना अशोभनीय है। चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दादु लाल कुडापे ने कहा कि चुटका एवं अन्य सबंधित ग्राम सभाओं ने सरकार के समक्ष 26 बिंदुओं के साथ सशर्त मंजूरी इस परियोजना को दिया है। परन्तु उसका परिपालन आज दिनांक तक नहीं हुआ है। हम लोग शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के समक्ष अपनी बात रख रहे हैं। परन्तु अभी तक सरकार की तरफ से कोई समाधान नहीं निकाला गया है। कुडापे ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में जहां पेसा कानून और नियम लागू है तब सरकारी कर्मचारियों द्वारा इस तरह का आचरण कदाचार की श्रेणी में आता है। किस शासकीय अधिकारियों के निर्देश पर तहसीलदार द्वारा रात्रि में यह कृत्य किया गया है। इसकी जाँच होनी चाहिए। हम समस्त ग्रामवासी उपरोक्त शासकीय कर्मचारी पर दंडात्मक कार्यवाही की मांग करते हैं। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर मंडला और पुलिस अधीक्षक मंडला को भी दिया गया है। ज्ञापन सोंपते समय चुटका महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीरा बाई मरावी,सोना बाई बरकडे, लीला बाई, सरिता बाई,तिराग बाई, मुन्नी बाई, श्रीवती तेकाम, अग्नि बाई,अनिता कुडापे, पूर्व सरपंच दयाल सिंह कोकडिया, तेजी लाल कोकडिया, बराती लाल बरकडे; गंजन परते, राम स्वरूप, संतराम, विपत लाल, लामू, झनक लाल, अशोक परते आदि उपस्थित थे।

सार-समाचार



माय भारत मंडला ने आयोजित किया 'युवा संवाद-नो योर वोट'

करीब 200 युवाओं ने जाना मतदान का महत्व

मंडला, देशबन्धु। युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदान के अधिकार और चुनावी प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से माय भारत, मंडला द्वारा बुधवार को 'युवा संवाद - नो योर वोट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 से 200 विद्यार्थियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा तथा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य कल्पना नामदेव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शैलेश जायसवाल ने किया। युवा आइकॉन आदित्य कमलेश अवस्थी ने युवाओं से संवाद करते हुए मतदान के महत्व, मतदाता अधिकारों और जागरूक नागरिक की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। एनएसएस विद्यार्थियों एवं युवाओं ने मतदाता पंजीयन, चुनावी प्रक्रिया और लोकतंत्र में युवा भागीदारी से जुड़े प्रश्न पूछे। युवा आइकॉन ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनाव कराने से नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदार भागीदारी से सुनिश्चित होती है। उन्होंने युवाओं को मताधिकार के प्रति सजग रहने और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी युवाओं ने लोकतांत्रिक शपथ ली तथा निष्पक्ष मतदान और जिम्मेदार नागरिक के रूप में कर्तव्य निभाने का संकल्प व्यक्त किया। आयोजन जिला युवा अधिकारी भुवन सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में माय भारत मंडला द्वारा किया गया। इसमें लेखा एवं कार्यक्रम सहायक रघुनंदन झारिया, अनुराग राय तथा एनएसएस प्रभारी प्रवीण अग्रवाल का सहयोग रहा।

नरवाई प्रबंधन के लिए किसानों को किया गया जागरूक, सीबीजी प्लांट में आयोजित हुई कार्यशाला एवं प्रशिक्षण

मंडला, देशबन्धु। जिले में फसल अवशेष प्रबंधन को प्रोत्साहित करने तथा नरवाई जलाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से 3 नवंबर 2026 को ग्राम कोरगांव स्थित सीबीजी प्लांट में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। अमित बायोग्रीन सॉल्यूशंस के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कृषि अभियांत्रिकी एवं कृषि विभाग के सहयोग से जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में कृषकों ने सहभागिता की।

कार्यशाला के दौरान किसानों को सीबीजी प्लांट का भ्रमण कराकर उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। साथ ही नरवाई प्रबंधन में उपयोगी बेलर एवं हे-रैक मशीन की कार्यविधि समझाई गई तथा बेलर मशीन का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया। किसानों को बताया गया कि आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से फसल अवशेषों का संग्रहण कर उनका उपयोग वैकल्पिक ऊर्जा उत्पादन में किया जा सकता है। प्लांट संचालक श्री दिनेश पोपटानी एवं एग्रीगेटर रितेश राय ने जानकारी दी कि ग्राम कोरगांव स्थित सीबीजी प्लांट में धान, गेहूं एवं मक्का की नरवाई के बंडल 1.5 से 2 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त नेपियर घास, गोबर एवं मक्का को साइलेज के रूप में भी उचित मूल्य पर क्रय किया जा रहा है। इससे किसानों को फसल अवशेषों के उचित उपयोग के साथ अतिरिक्त आय का अवसर भी उपलब्ध हो रहा है। इस अवसर पर उप संचालक कृषि अश्विनी झरिया, सहायक कृषि यंत्री मंडला शोभित ठवरे एवं उपयंत्री श्रीमती भावना मरावी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने किसानों को नरवाई में आग नहीं लगाने तथा फसल अवशेषों का वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया।

फर्जी पत्रकारिता के विरोध में मुहिम तेज, छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

मंडला, देशबन्धु। जिले में फर्जी पत्रकारिता, पत्रकार संगठनों के नाम और पहचान के दुरुपयोग तथा सोशल मीडिया पर बिना जवाबदेही समाचार प्रसारित करने की बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी सिलसिले में बुधवार को जिला योजना भवन में अधिमान्य पत्रकारों, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों तथा संवाददाताओं की सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पत्रकारिता की गरिमा, विश्वसनीयता और वास्तविक पत्रकारों के सम्मान की रक्षा को लेकर गंभीर मंथन हुआ। इसके बाद छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला जनसंपर्क अधिकारी को सौंपा गया।

बैठक में सर्वोच्च न्यायालय की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पत्रकारिता की पहचान और जिम्मेदारी से जुड़ी टिप्पणी का संदर्भ देते हुए कहा गया कि केवल मोबाइल फोन या सोशल मीडिया अकाउंट होना किसी को पत्रकार नहीं बना देता। लाइक्स, व्यूज और रील्स के आधार पर लोकप्रियता हासिल करने वालों तथा तथ्यों की पुष्टि कर जिम्मेदारी से पत्रकारिता करने वालों के बीच अंतर समझना जरूरी है। पत्रकारों ने मांग की कि जिले में फर्जी पत्रकारों की पहचान कर जांच की जाए, पत्रकार संगठनों के नाम के दुरुपयोग पर रोक लगे, संगठनों के नाम पर संचालित वाहनों की वैधता जांची जाए, सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स की भूमिका और जवाबदेही स्पष्ट हो, एकपक्षीय एवं अपुष्ट खबरों के मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा जनसंपर्क विभाग में पंजीकृत एवं अधिमान्य पत्रकारों की प्रमाणित सूची सभी विभाग प्रमुखों को उपलब्ध कराई जाए।



जनसंपर्क अधिकारी की उपस्थिति में पत्रकारों की हुई सामूहिक बैठक

घुघरी के वाहन का मामला भी उठा

बैठक में घुघरी क्षेत्र में एक ऐसे वाहन के घूमने का मुद्दा विशेष रूप से उठाया गया, जिस पर अधिमान्यता प्राप्त संगठन का नाम लिखा हुआ है। पत्रकारों ने इसकी वैधता की जांच कर अनधिकृत उपयोग पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की। जिला जनसंपर्क अधिकारी ने आश्वासन दिया कि कलेक्टर से अनुमोदन लेकर एसडीएम घुघरी को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र लिखा जाएगा। उन्होंने ज्ञापन की मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का भी भरोसा दिलाया। बैठक में हनुमान तिवारी, विमलेश मिश्रा, राजेश शाहू, रामकुमार चौरसिया, चंद्रेश खरे, नीरज अग्रवाल, ममता चौरसिया, अमित, विवेक अग्निहोत्री, जावेद, जाकिर खान, कमलेश मिश्रा, अशोक अग्रवाल, देवेन्द्र यादव, अशोक वर्मा, लखन भांडे, राजेश यादव सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।



अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध आठ प्रकरण दर्ज

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सतीश कश्यप के मार्गदर्शन में 3 नवंबर 2026 को आबकारी विभाग द्वारा मंडला शहर सहित कटरा, बर्राटोला, नैनपुर एवं बिछिया क्षेत्र में अवैध मदिरा निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मंडला शहर के रामबाग स्थित नर्मदा कछार के किनारे अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों पर दबिश दी गई। वहीं कटरा एवं बर्राटोला सहित नैनपुर एवं बिछिया क्षेत्र में अवैध मदिरा विक्रय के मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई में 30 नग विदेशी मदिरा (गोवा), 72 लीटर हाथ भट्टी निर्मित कच्ची मदिरा तथा 770 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। जब्त सामग्री की अनुमानित कीमत 91 हजार 850 रुपये आंकी गई है।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री विनोद परस्ते के मार्गदर्शन में 4 नवंबर को एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुर्सीपार में वन स्टॉप सेंटर द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता सत्र आयोजित

कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणाम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, लैंगिक हिंसा, पॉक्सो एक्ट एवं बाल अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन प्रतिबंधित है। बाल विवाह करने, करवाने अथवा इसमें सहयोग करने वालों के विरुद्ध दो वर्ष तक का कारावास, एक लाख रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। उन्होंने लिंग परीक्षण को दंडनीय अपराध बताते हुए महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 की जानकारी भी दी।

इस दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई तथा एक पेड़ बेटी के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया।

नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं, फरीन अंजुम पिता सैयद नूर, निवासी इमाम बाडा, नर्मदाजी वार्ड नंबर 03 मण्डला मध्यप्रदेश पिन कोड 481661 का नाम त्रुटिवश शासकीय अभिलेख / दस्तावेज एवं आधार कार्ड में फरीन अंजुम दर्ज हो गया है, जिसे मैं परिवर्तित कर के फरहीन अंजुम पिता सैयद नूर कर लिया है, अतः मैं घोषणा करती हूँ अब मुझे फरहीन अंजुम पिता सैयद नूर के नाम से जाना एवं संव्यवहार किया जाए साथ ही शासकीय/अर्द्धशासकीय अभिलेखों / दस्तावेजों में दर्ज माना जाये।

पुराना नाम
(फरीन अंजुम पिता सैयद नूर)
नया नाम
(फरहीन अंजुम पिता सैयद नूर)

नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक ने थानमगांव और पायलीबहुर वाटर शेड परियोजना का किया निरीक्षण

मंडला, देशबन्धु। नाबार्ड की मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती सहित राज्य एवं जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों ने 3 नवंबर को निवास विकासखंड के थानमगांव एवं पायलीबहुर में नाबार्ड एवं प्रदान संस्था द्वारा संचालित वाटरशेड परियोजनाओं का भ्रमण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जल एवं मृदा संरक्षण, टिकाऊ कृषि, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण आजीविका संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया और प्रदान संस्था एवं ग्रामीण समुदाय के सामूहिक प्रयासों की सराहना की।



कार्यक्रम में कळड नाबार्ड सलिल जोकरकर, डीडीएम देवव्रत पाल, एलडीएम सुजॉय कुमार, एमपीजीबी के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेश परस्ते, उप क्षेत्रीय प्रबंधक जितेंद्र ठाकुर, जिला सहकारी बैंक की सीईओ श्रीमती साक्षी पंडराम सहित विभिन्न बैंकों एवं संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित 200 से अधिक ग्रामीणों ने सहभागिता की। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक आदिवासी संस्कृति एवं लोकगीतों के माध्यम से किया गया। जल संरक्षण एवं वाटरशेड विकास पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने जल एवं मृदा संरक्षण संरचनाओं, पौधरोपण, मल्टीलेयर खेती, कृषि यंत्रों तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बायो रिसोर्स सेंटर का उद्घाटन एवं बायोचार निर्माण का प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण बैंक द्वारा स्व-सहायता समूहों को 96 लाख रुपये एवं किसानों को 25 लाख रुपये के केसीसी ऋण तथा जिला सहकारी बैंक द्वारा 9.80 लाख रुपये के केसीसी ऋण वितरित किए गए। इसके साथ ही किसानों को हाइड्रोजेल एवं स्प्रिंकलर सेट प्रदान किए गए। मुख्य महाप्रबंधक ने घुघरी में निर्मित हाट बाजार का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान गोंड पेंटिंग से जुड़ी महिला स्व-सहायता समूह की कलाकारों के साथ संवाद किया गया। मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती सी. सरस्वती ने कलाकारों से उनके उत्पादों की गुणवत्ता, डिजाइन, पैकेजिंग एवं विपणन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादों में सुधार और बेहतर मार्केटिंग पर जोर दिया। भोपाल में आयोजित ओजस्विनी महोत्सव मेले में समूह की सहभागिता के अनुभव भी जाने तथा कलाकारों को भविष्य में मेलों एवं प्रदर्शनियों में भाग लेकर गोंड कला को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्य महाप्रबंधक ने वाटरशेड विकास, आजीविका संवर्धन, महिला सशक्तिकरण तथा पारंपरिक कला के संरक्षण एवं विपणन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इन गतिविधियों को आगे बढ़ाने में जिला प्रशासन के सहयोग एवं समन्वय को महत्वपूर्ण बताया।

इस अवसर पर प्रदान संस्था के प्रतिनिधियों, वाटरशेड विकास समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही।

ग्राम मांगा में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला आयोजित

मंडला। कलेक्टर के निर्देशन में ग्राम पंचायत मांगा, विकासखंड मवई में नरवाई प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में किसानों को बताया गया कि फसल कटाई के बाद नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता, पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नरवाई जलाना दंडनीय है, शासन द्वारा 2500 से 15000 रूपये तक अर्थदण्ड का प्रावधान है। किसानों को निर्देशित किया गया कि कंबाइन हार्वेस्टर से कटाई के दौरान एसएमएस अनिवार्य रूप से लगवाएं, जिससे अवशेष खेत में समान रूप से फैल सके। नरवाई प्रबंधन हेतु हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, रोटावेटर, स्ट्रा रीपर, मल्चर आदि यंत्रों की जानकारी दी गई।

